NSW Health

NSW फार्मेसी ट्रायल

पूछे जाने वाले आम सवाल

NSW Pharmacy Trial - Frequently Asked Questions | Hindi

क्लिनिक ट्रायल (नैदानिक परीक्षण) क्या है?

क्लिनिकल ट्रायल एक अनुसंधान अध्ययन है। यह दर्शाता है कि क्या चिकित्सीय समस्या की रोकथाम, स्क्रीनिंग (जांच), निदान या इलाज करने का नया ढंग सुरक्षित देखभाल प्रदान करने में सहायता कर सकता है।

इस क्लिनिकल ट्रायल में प्रशिक्षित फॉर्मासिस्ट पात्र लोगों को मूत्र-मार्ग संक्रमणों (UTIs) का इलाज करने में सहायता देने के लिए दवाईयों की आपूर्ति कर सकते हैं और कुछ ओरल (मुंह से खाई जाने वाली) गर्भनिरोधक गोलियों (पिल) की सप्लाई कर सकते हैं। इन लोगों को अपने डॉक्टर से प्रिस्क्रिप्शन (इसे कभी-कभी 'स्क्रिप्ट' कहा जाता है) की ज़रूरत नहीं है। इससे यह जाँच होगी कि क्या किसी फॉर्मासिस्ट से इन दवाईयों को लेना सुरक्षित और आसान है। अध्ययन में यह जांच भी की जाएगी कि व्यक्ति के फॉर्मासिस्ट और डॉक्टर के बीच अच्छा संवाद है ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें सुसंगत देखभाल मिल रही है।

क्या मैं अपनी स्थानीय फॉर्मेसी पर देखभाल प्राप्त करने के लिए पात्र हूँ?

मूत्र-मार्ग संक्रमणों के इलाज के लिए, यह आवश्यक है कि:

- आप महिला हैं
- आपकी आयु 18 से 65 साल (इन दोनों वर्षों सहित) के बीच है
- आपके शरीर में सामान्य मूत्र-नार्ग संक्रमण के साथ सुसंगत लक्षण हैं, जिनमें निम्नलिखित लक्षण शामिल हो सकते हैं:
    - जब आप पेशाब करती हैं तो जलन या चुभन (दर्द), या
    - बार-बार पेशाब जाने या तत्काल पेशाब करने की आवश्यकता।

इस वर्ष आगे चलकर ओरल गर्भनिरोधक गोली (पिल) की विस्तृत सप्लाई प्राप्त करने के लिए, यह ज़रूरी है कि:

- आपकी आयु 18 से 65 साल (इन दोनों वर्षों सहित) के बीच है
- आप केवल गर्भनिरोधक उद्देश्यों के लिए गोली का सेवन करती हैं
- आपको किसी डॉक्टर (जी.पी.) या नर्स प्रेक्टिशनर द्वारा पिछले दो वर्षों में कम-खतरे वाली ओरल गर्भनिरोधक गोली प्रिस्क्राइब की गई है। आप पात्र हैं भले ही यह प्रिस्क्रिप्शन की समाप्ति तिथि निकल चुकी हो।

आपके सलाह-मशविरे के दौरान अतिरिक्त स्क्रीनिंग (जांच) के सवाल पूछे जाएँगे। ऐसा इसलिए ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आपको सही समय पर सही हेल्थकेयर पेशेवर से सही देखभाल मिलती है। इसका अर्थ यह है कि आपको आपके डॉक्टर (जी.पी.) या एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट (आपातकालीन विभाग) रेफर किया जा सकता है।

यदि मैं अपनी स्थानीय फॉर्मेसी से देखभाल प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं हूँ तो क्या होता है?

हो सकता है कि आपकेफ ॅर्मासिस्ट को आपको आपके डॉक्टर (जी.पी.) या अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर को रेफर करने की ज़रूरत पड़े ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि आपको सही समय पर सही इलाज मिलता है। आपातकालीन स्थिति में, फॉर्मासिस्ट आपको एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट भी रेफर कर सकता है।

मूत्र-मार्ग संक्रमण (UTI) की दवाईयों के लिए प्रिस्क्रिप्शन या मेरे फॉर्मासिस्ट से ओरल गर्भनिरोधक गोली प्राप्त करने में कितना खर्च आएगा?

ट्रायल के अधीन इलाज प्राप्त करने के ब ारे में किसी फॉर्मासिस्ट से बातचीत करने के लिए आपको सलाह-मशविरा शुल्क का भुगतान करने की ज़रूरत नहीं है।

NSW सरकार ट्रायल केभ ाग केतौर पर फॉर्मेसियों को हर सलाह-मशविरे के लिए $20 का भुगतान करेंगी और फॉर्मेसियों को इस प्रतिपूर्ति केअलावा कोई अतिरिक्त सलाह-मशविरा या प्रशासनीय शुल्क लेने के अ नुमति नहीं है।

दवाईयों का खर्च प्राइवेट प्रिस्क्रिप्शन केसमान होगा, और कीमत फॉर्मेसी द्वारा निर्धारित की जाएगी तथा इसका भुगतान रोगी द्वारा किया जाएगा।

सेवा प्राप्त करने की सहमति देने से पहले दवाईयों के खर्च के बारे में अपने फॉर्मासिस्ट से जांच करें।

क्या फॉर्मासिस्ट दवाईयाँ प्रिस्क्राइब करने के िलए योग्य हैं? क्या मेरी सहायता करने के लिए उनके पास उचित प्रशिक्षण है?

क्लिनिकल ट्रायल में भाग लेने वाले फॉर्मासिस्टों को मूत्र-मार्ग संक्रमणों (UTIs) के लिए दवाईयों की आपूर्ति करने के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण और ओरल गर्भनिरोधक गोली की विस्तृत सप्लाई की गई होती है।

भाग लेने वाले फॉर्मासिस्टों को इस बारे में क्लिनिकल मार्गदर्शन और प्रोटोकॉल्स प्रदान किए जाएँगे कि इलाज प्राप्त करने के लिए कौन पात्र है और किसे उनकेडॉक्टर (जी.पी.) या एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट रेफर किया जाना ज़रूरी है।

ये दिशा-निर्देश मुख्य भागीदारों के साथ सलाह-मशविरा करकेक्लिनिकल ट्रायल टीम द्वारा तैयार किए गए हैं और ये अंतर्राष्ट्रीय श्रेष्ठ अभ्यास पर आधारित हैं।

मैं ऐसे फॉर्मासिस्ट का पता कहाँ लगा सकती हूँ जो ट्रायल में भाग ले रहा हो?

अनपे करसीब भा ग नल्ेने वा नल्सी फॉममेससी का पता नल्गा एँ:

www.health.nsw.gov.au/pharmaceutical/Pages/pharmacy-trial-locations.aspx

© NSW Ministry of Health. SHPN (OCHO) 230305-5. May 2023